चली कावड़ियों की टोली

लगे बम बम के जयकारे चले सब भकत तेरे द्वारे,
हरिद्वार से ले गंगा जल चले है हमजोली,
चली कावड़ियों की टोली नाचे कावड़ियों की टोली,

भोले नाथ के प्यार में देखो चले कावड़ियाँ सारे,
कंधे पर है गंगा जल और बम बम के जयकारे,
हुए सब मस्त मलंगा नाचे पी कर भंगा,
हरिद्वार से ले गंगा जल चले है हमजोली,
चली कावड़ियों की टोली नाचे कावड़ियों की टोली,

भोले नाथ के प्यार का जादू सिर पर चढ़ कर भोले,
जो भी है दीवाना शिव का बम बम बम भोले,
छोड़ कर दुनिया झूठी पिये शिव नाथ की भुटटी,
हरिद्वार से ले गंगा जल चले है हमजोली,
चली कावड़ियों की टोली नाचे कावड़ियों की टोली,

मस्त मलंग हो कर सब नाचे भोले के दीवाने ,
नंगे पाँव चलते जाए भोले के मस्ताने,
डमरू डम डम बाजे कावड़ियाँ छम छम नाचे,
हरिद्वार से ले गंगा जल चले है हमजोली,
चली कावड़ियों की टोली नाचे कावड़ियों की टोली,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11534/title/chali-kawadiyo-ki-toli-naache-kawadiyo-ki-toli

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |